भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. **1423**
सोमवार, 1 जुलाई, 2019/10 आषाढ़, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

प्रसाद योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश के धार्मिक स्थलों का विकास

1423. श्री बल्ली दुर्गा प्रसाद रॉवः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने पीआरएसएडी (प्रसाद) योजना के अंतर्गत लागू करने के लिए आंध्र प्रदेश में कोई कार्य आरंभ किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या पूर्वी गोदावरी जिले में तिरुपति, अन्तर्वेदी, अन्नवरम मंदिर और विशाखापत्तनम में सिम्हाचलम मंदिर तथा श्रीकाकुलम जिले में अरसावल्ली मंदिर और आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में विजयवाड़ा के देवी दुर्गा मंदिर जैसे लोकप्रिय तीर्थ स्थानों को प्रसाद योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है; और

(ग) यदि हां, तो प्रत्येक मंदिर के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत और आवंटित की गई है**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क): पर्यटन मंत्रालय ने प्रशाद योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश में निम्नलिखित परियोजनाएं स्वीकृत की हैं:

i. वर्ष 2015-16 में 28.36 करोड़ रु. की लागत से "पर्यटक गंतव्य के रूप में अमरावती टाउन, गुंटूर जिला का विकास" को स्वीकृति दी गई है । अब तक 22.69 करोड़ रु. की राशि जारी की जा चुकी है।

ii. वर्ष 2017-18 में 47.45 करोड़ रु. की लागत से "प्रशाद योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश में श्रीसेलम मंदिर का विकास" को स्वीकृति दी गई है । अब तक 37.96 करोड़ रु. की राशि जारी की जा चुकी है।

(ख) : जी, नहीं ।

(ग) : प्रश्न नहीं उठता ।

****